आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 14.09.2026 समय: 18:30 पीएम

- राजस्थान नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी-जयपुर, कोटा, उदयपुर और भीलवाड़ा नगर निगमों में पार्टी को पूर्ण बहुमत।
- बीकानेर और पाली निगमों में कांग्रेस को जीत मिली-अजमेर में पार्टी को बढ़त-भरतपुर नगर निगम में निर्दलियों का दबदबा।
- राज्य में नये मौसमी तंत्र के असर से बारिश की गतिविधियां अगले दो दिनों तक जारी रहने के आसार।
- गणेश चतुर्थी पर समूचे प्रदेश में गणपति बप्पा मौर्या की गूंज-विभिन्न स्थानों पर कल शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

000

प्रदेश में 309 नगरीय निकायों में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई है। 10 हजार 245 वार्डों में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। इनमें 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद और 252 नगर पालिकाएं शामिल हैं। राजधानी जयपुर, कोटा, उदयपुर और भीलवाड़ा नगर निगमों में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। अलवर में भाजपा को बढ़त मिली है। वहीं बीकानेर में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। कांग्रेस पार्टी को अजमेर और पाली में बढ़त हासिल हुई है। वहीं भरतपुर में 65 में से 38 वार्ड जीतकर निर्दलीयों ने बड़ी सफलता हासिल की है। जोधपुर नगर निगम की 100 में से भाजपा और कांगे्रस दोनों प्रमुख दलों ने 44-44 सीटें जीती हैं। वहीं 11 स्थानों पर निर्दलीय काबिज़ हुए हैं।

47 नगर परिषदों में से 21 में भाजपा और 17 में कांग्रेस को बढ़त हासिल हुई है। इसी तरह 252 नगर पालिकाओं में से 144 में भाजपा और 92 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

सत्तारूढ़ भाजपा का इन चुनावों में पलड़ा भारी रहा है। अब से कुछ देर पहले, भाजपा कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य सरकार के कामकाज पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि ये जीत वर्तमान राज्य सरकार के ढाई साल के कार्यकाल पर जनता की मुहर है।

-----------------

दूसरी ओर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने मनमाने तरीके से परिसीमन कर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए इसे पक्षपातपूर्ण बताया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इन चुनावों में पूरी ताकत झोंकने के बावजूद भाजपा को इच्छित जनादेश नहीं मिला है।

-----------------

निकाय चुनावों के नतीजों पर और जानकारी हमारे जयपुर संवाददाता से-

-----------------

इस बीच, निकायों के अध्यक्ष पदों के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। 16 सितम्बर तक नामांकन भरे जाएंगे। 21 सितम्बर को मतदान होगा और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। 22 सितम्बर को उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

000

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में आज नवी मुंबई में राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2025-26 प्रदान किये गये। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ये पुरस्कार वितरित किये। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित किये जा रहे दो दिन के इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को श्री शाह ने संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को देश का गौरव बताया।

000

आज विश्व हिन्दी दिवस है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। दुनिया में आज हिन्दी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। ये 52 करोड़ से अधिक लोगों की पहली भाषा है। हिन्दी दिवस भाषा का उत्सव होने के साथ ही हिन्दी के प्रति जागरुकता बढ़ाने का अवसर है। हिन्दी ने सदियों से भावनाओं को शब्द दिए है। ये संवाद का माध्यम होने के साथ ही संस्कारों की भी पहचान है। हिन्दी के प्रसिद्ध कथाकार और समालोचक नंद भारद्वाज ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि हिन्दी बोलने, पढ़ने, लिखने के साथ ही हमें इसे और आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

000

राज्य में हाल ही में सक्रिय हुए नये मौसमी तंत्र में बारिश की गतिविधियां अपेक्षाकृत कम रही हैं। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के सिस्टम की दिशा में दक्षिण की ओर सरकने से प्रदेश में बारिश उम्मीद से कम हुई है। हालांकि राज्य के दक्षिणी और दक्षिणी-पूर्वी हिस्सों में बारिश की गतिविधियां 16 सितम्बर तक बनी रहने का अनुमान है।

इस बीच, आज भीलवाड़ा में दोपहर बाद कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई। जालौर के आहोर और बागोड़ा में भी गरज के साथ झमाझम पानी बरसा। भीनमाल और सायला में भी रिमझिम बारिश का दौर चला।

इससे पहले, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौढ़गढ़, प्रतापगढ़ और सलूम्बर जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बरसात हुई। जयपुर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा,

भीलवाड़ा, कोटा, बारां और झालावाड़ जिले में भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। उधर, पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में सितम्बर महीने के दूसरे सप्ताह में भी गर्मी और उमस का असर बना हुआ है। श्रीगंगानगर में पारा 40 डिग्री के पास पहुंच गया। बाड़मेर और जैसलमेर में भी अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहने से इन क्षेत्रों में गर्मी और उमस महसूस की जा रही है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की बैठक ली। सचिवालय मंे हुई इस बैठक के दौरान विभाग की विभिन्न योजनाओं और कामों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ उनके विषय संबंधी उद्योगों में व्यवहारिक अनुभव देने के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम को प्रभावीर रूप से लागू करने की बात कही।

000

समूचे देश और प्रदेश में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। ये दिन देवों में प्रथम पूजनीय भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक माना जाता है। भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक, ज्ञान समृद्धि और सौभाग्य का देवता कहा जाता है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर चारों ओर गणपति बप्पा मौर्या की गूंज है। राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी मंदिर में दर्शनार्थियों की लम्बी कतारें लगी हुई हैं। रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मेले में भी आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। भारी संख्या में भक्त त्रिनेत्र के दरबार में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। बाड़मेर के रातानाड़ा स्थित गणेश मंदिर में भी वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर कल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

000